# जिला कलेक्टर ने चिकित्सा मापदण्डों को पूरा करने दिये निर्देश



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित में जिला कलेक्टर ने चिकित्सा मापदण्डों को पूरा करने के दिए निर्देश

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी चिकित्सा संस्थानों में साफ-सफाई, विभागीय लक्ष्यों की प्रगति के लिये निरन्तर भ्रमण कर निरीक्षण करें जिससे कमियां दूर हो सकें।
उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिये जलभराव क्षेत्रों में गम्बूसिया मछली डलवाने, ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नवीन स्वीकृत चिकित्सा संस्थानों में उपकरणों की उपलब्धता के लिये स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं भामाशाहों का सहयोग लें। जिला कलक्टर ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग किये जाने वाले सभी बच्चों का समय पर उपचार सुनिश्चित करने एवं ईलाज के बाद मिले लाभ का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में तम्बाकू का सेवन युवाओं एवं विद्यार्थी वर्ग में देखने को मिल रहा है, कोटपा के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुये सभी शिक्षण संस्थाओं, आंगनबाडी केन्द्रों के पास तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने ऐसे स्थानों पर बिक्री करने वाले दुकानदारों की सामग्री जप्त करने के लिये पुलिस, नगर निगम एवं खाद्य निरीक्षक की टीम के द्वारा संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने समस्त बीसीएमओ को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने ब्लॉकों का निरंतर सुपरविजन कर रोगियों से संवाद करें एवं आवश्यक सुधार करें।
उन्होंने प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए संस्थागत प्रसव, एएनसी, पूर्ण टीकाकरण, जेएसवाई, राजश्री योजना हेतु निर्धारित लक्ष्यानुरूप कार्य किये जाने के निर्देश दिये। जहां पर 24 घंटे प्रसव की सुविधा उपलब्ध हो। मिसिंग टीकाकरण एवं मिसिंग डिलिवरी को खत्म करने एवं प्रत्येक टीकाकरण एवं प्रसव की ऑनलाइन एन्ट्री सुनिश्चित करने को कहा।
सभी खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सा संस्थानों पर प्रसव सुविधा होनी चाहिए साथ ही खण्ड स्तर पर एक आदर्श डिलिवरी पॉइंट स्थापित किया जाए,

## दवाईयों की उपल्बधता सुनिश्चित करें

जिला कल्कटर ने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दवाईयों का इण्डेन करें एवं सभी नि:शुल्क दवा वितरण केन्द्रों पर दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें, जिससे मरीजों को सभी दवाईयां आसानी से उपलब्ध हो। चिकित्सा संस्थान में ईलाज हेतु आने वाले पात्र लाभार्थियों को स्वास्थ्य योजना का लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें।

**मौसमी बीमारियों पर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता -** जिला कलक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों को मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया से बचाव के लिए मच्छर जनित स्थानों कूलर, गमले, पानी की टंकियों आदि का पानी नियमित अंतराल पर बदलने के बारे में आमजन को जानकारी देने के निर्देश दिये।

## विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस मनाया

**भुसावर ( निस )।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर 26 अप्रैल शुक्रवार को विष्व बौद्धिक सम्पदा दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि बौद्धिक सम्पदा अधिकार अन्वेषकों, व्यवसायों, डिजायनरों, कलाकारों या किसी भी प्रकार के नवाचारों को कानूनी रूप से अपने अभिनव और रचनात्मक खोज की रक्षा करने और उससे होने वाले आर्थिक लाभ का हिस्सा आविश्कारक को मिले, यह सुनिष्चित करता है।

जैसे किसी वैज्ञानिक ने फसल उत्पादन बढाने हेतु कोई नई तकनीक इजाद की तो बौद्धिक सम्पदा अधिकार के तहत उस वैज्ञानिक को अपनी तकनीक को पेटेंट करने का अधिकार है। इसके तहत खोजकर्ता उस तकनीक का मालिक हो जाता है तथा वह अपनी तकनीक को बेच सकता है, खोजकर्ता की अनुमति के बिना उस तकनीक की नकल अन्य व्यक्ति या संस्थान हीं कर सकती। पेटेंट के बाद नयी तकनीक खोजकर्ता की बौद्धिक सम्पदा बन जाती है। यह कवि की रचनाओं, व्यवसायियों के उत्पादों या अन्य किसी भी नवाचार पर भी लागू होता है। इससे नवाचारों को बढ़ावा मिलता है तथा विश्व विकास में मदद मिलती है।

## सार-समाचार

### विकलांग माता-पिता का बनी सहारा प्रिय सखी संस्था



**भरतपुर ( निस )।** प्रिय सखी संस्था कन्यादान हमारा स्वाभिमान मुहिम को लेकर चल रही है। संस्था के द्वारा विकलांग माता-पिता की दो बच्चियों की शादी में सहयोग किया गया। शादी से 4 दिन पहले माता-पिता संस्था संयोजक मोनिका जैन से मिलने आए और अपनी परिस्थितियों के बारे में बताया कि अभी हम दोनों विकलांग पति-पत्नी जैसे तैसे एक छोटी सी कोठरी में रहकर अपने पांच बच्चों के साथ अपना जीवन यापन कर रहे हैं। हमारे दो बच्चियों की शादी है आर्थिक तंगी के कारण बच्ची की शादी की जिम्मेदारी का बोझ हम उठाने में असमर्थ है। संस्था संयोजिका ने संगठन को इस परिस्थिति के बारे में अवगत कराया और मसानी मौहल्ले डीग में बच्चियों के निवास स्थान पर पहुंचकर भामाशाहों के सहयोग से एकत्रित की हुई कन्यादान सामग्री प्रत्येक बच्ची को 7 साड़ियां अलमारी सोने की बाली चांदी की पेज बिछिया मिक्सी पंखा प्रेस 11 बर्तन साथ गिफ्ट टॉवल बेडशीट जोड़े का सेट बारातियों की दावत के लिए राशन सामग्री सब्जी नगद राशि बच्ची के सिंगार का सामान मेकअप की व्यवस्था आदि जरूरत का सामान उनके निवास स्थान पर पहुंच कर भेंट किया। बच्ची के पिता को शॉल ओढ़ा कर और बच्ची की माता को साड़ी ओढ़ाकर सम्मानित किया। बच्ची के परिवार वालों ने संस्था के सदस्यों का तिलक लगाकर फूलों के साथ स्वागत किया। बच्चियों के कन्यादान में भामाशाह ओम प्रकाश चौधरी, राकेश आराधना, भरत सैनी, योगेश जैन, रागिनी खंडेलवाल, नीरज खंडेलवाल, भावना, रेनू बंसल, कुशाग्र सेठी, भरतपुर प्रिय सखी टीम नमिता खंडेलवाल, माया देवी, सोनिया, चंद्रकांता खंडेलवाल, रजनी, गुड्डी, संगीता, अलवर से धीरज जैन ने सहयोग किया।

### धुल गया कैला माता का मठ

**करौली ( नि.स. )।** पुरानी परंपराओं के अनुसार कैलादेवी का मेला संपन्न होने के बाद भगवान इंद्र के द्वारा माता के मठ को धोने का संयोग बनता है जो शुक्रवार को पूरा हो गया। उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ तीर्थ स्थल आस्था धाम कैलादेवी में चल रहा नवरात्र चैत्र मेला संपन्न हो गया है। वृद्ध लोग बताते हैं कि मेले के दौरान हर प्रवृत्ति का व्यक्ति माता के मंदिर में आता है जिससे मंदिर गंदा भी होता है। लेकिन रियासत्कालीन चली आ रही लोकमान्यताओं के दौरान मेला समाप्ति पर माता के मठ पर चाहे बारिश की पांच ही बूंद गिरे उससे मठ धुल जाता था शुक्रवार को कुछ ऐसा ही हुआ तेज हवाओं और अंधड के साथ हुई बूंदाबांदी से कैलामाता के मंदिर पर बारिष के छीटे पडे जिससे मंदिर धुल गया।

### पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**करौली( नि.स. )।** चैनपुर के ग्रामीणों ने आयुर्वेद औषधालय के हर्बल गार्डन में पक्षियों के लिए शीतल जल के परिंडे लगाए और जगह जगह बेजुबान पक्षियों के लिए पानी पीने के लिए परिंडे लगाने के लिए संकल्प लिया। औषधालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ रमण स्वरूप लवानिया के सानिध्य में समाज सेवी बल्लू सिंह राजपूत,जीतू सिंह राजपूत,मोहर सिंह गुर्जर,राजू जंगम, विरधी जंगम,मूलचंद कोली और गोविंदा राजौरिया ने परिंडे लगाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया इसके साथ ही आयुर्वेद चिकित्सक ने कोडर बगीची,कोडर मोड, चैनपुर वस स्टेंड और सोनपुरा में पक्षियों को परिंडे लगाए।

### चेक अनादरित होने पर कोर्ट ने सजा सुनाई

**हिंडौन सिटी।** शहर के निवासी एक व्यक्ति से जयपुर निवासी बुजुर्ग की ओर से उधार लिए गए 10 लाख रुपए नहीं चुकाने एवं राशि का चेक अनादरित होने के मामले में कोर्ट ने दो साल के साधारण कारावास व 2 लाख रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।परिवादी के वकील ने बताया कि कटरा बाजार निवासी देवेन्द्र कुमार ने राधेश्याम अग्रवाल निवासी जयपुर के खिलाफ परिवाद दायर किया था कि 2 मार्च 2016 को निजी आवश्यकता के लिए 10 लाख रुपए उधार लिए थे।इसके भुगतान के लिए 4 अप्रैल 2016 को बैंक शाखा जयपुर का चेक दिया था। इस चेक को देवेन्द्र ने 25 अप्रैल 2016 को अपने बैंकखाते में लगाया था, लेकिन अपर्याप्त धनराशि के रिमार्क के साथ बैंक ने लौटा दिया। इसकी जानकारी संबंधित को दे दी गई, लेकिन उनके रुपयों को नहीं लौटाया।

### नई कार्यकारिणी की घोषणा की

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर में चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल की अध्यक्षता में चौम्बर भवन में आयोजित बैठक में घोषित कार्यकारिणी में सीए अतुल मित्तल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रमोद गुप्ता पौली उपाध्यक्ष, राहुल बंसल महामंत्री, किशोर खण्डेलवाल कोषाध्यक्ष व राहुल बंसल खुडासिया को सहमंत्री नियुक्त किया गया।

## पीएनबी प्रेरणा कार्पोरेट सामाजिक दायित्व का आयोजन

■ सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया

**भरतपुर ( निस )।** ग्रामीण विकास मंत्रालय और राजस्थान सरकार के तत्वाधान में पंजाब नैशनल बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार रोजगार प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर द्वारा ग्राम राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय, नगला बरताई, पोस्ट सुनारी में पीएनबी प्रेरणा के अन्तर्गतकार्पोरेटसामाजिक दायित्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पीएनबी प्रेरणा भरतपुर अध्यक्षा शुभी शर्मा व प्रमोद कुमार मण्डल प्रमुख भरतपुर रही।

शुभी शर्मा के द्वारा बालक एवं बालिकाओं को पुस्तक सामग्री वितरित की गई और बालक एवं बालिकाओं को देश का भविष्य बताते हुए पढने की ओर मार्गदर्शन भी किया एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें पीएनबी प्रेरणा भरतपुर अध्यक्षा शुभी शर्मा पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य रवि कुमार के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। उनके द्वारा बताया गया की पेड़ हमारे लिए बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है। हमे उनकी देखभाल करनी चाहिए और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। पीएनबी आरसेटी निदेशक ने कार्यक्रम के दोरान बताया कि पंजाब नैशनल बैंक जिले का अग्रणी बैंक है तथा कार्पोरेट सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रमके दोरान राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय नगला बरताई के प्रधानाचार्य रवि कुमार एवं दर्शना सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अधिकारियों के विदाई समारोह का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** महाराजा सूरजमल बार सभागार में स्थानान्तरित होने वाले न्यायिक अधिकारियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। भरतपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द सिंह सोलंकी ने बताया कि स्थानान्तरित होने वाले अधिकारी डूडाराम खोंखर सीजेएम, पलाश मीणा एसीजेएम नं. 2, सुमन मीणा एसीजेएम नं. 3, अंकुर गुप्ता एसीजेएम नं.4, काना राम मीणा पीसी पीएनडीटी, कृष्णा गुप्ता किशोर न्याय बोर्ड थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केशव कौशिक जिला एवं सैशन न्यायाधीश भरतपुर द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मगोपाल चतुर्वेदी एडवोकेट, गंगासिंह धनकर, देवेन्द्रनाथ गुप्ता, हरिओम सिंघल, भगवत सिंह एडवोकेट हथैनी ने विचार व्यक्त किये।

## लोकतंत्र में युवाओं से लेकर बुर्जुगों तक ने निभाई भागीदारी



**गंगापुर सिटी।** टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार सुबह 7 बजे मतदान शुरू हो गया। गंगापुर सिटी, बामनवास, वजीरपुर में भी वोट देने के लिए मतदाता पोलिंग बूथ पहुंचे। इस लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा वोटर गंगापुर सिटी और सबसे कम वोटर बामनवास विधानसभा क्षेत्र में हैं। यहां भाजपा प्रत्याशी और 2 बार से लगातार सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया और कांग्रेस प्रत्याशी व देवली-उनियारा विधायक हरीशचंद्र मीना के बीच सीधी टक्कर है। आज विश्व के सबसे बडे लोकतंत्र भारत के लोकसभा के द्वितिय चरण के मतदान में टोंक सवाईमाधोपुर क्षैत्र गंगापुर सिटी विधानसभा क्षैत्र से लोगो ने मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती का परिचय दिया। युवाओ से लेकर बुर्जुगो तक मतदान करने आए। हालांकि मतदान केन्द्रो पर इस भीड नजर नहीं आई। मतदान की धीमी गति का कारण 26 अप्रेल के शादी समारोह होना है। गंगापुर सिटी में कुल 237 मतदान केंद्र है जबकि 12 सहायक मतदान केंद्र है । इसके अलावा 233 संवेदनशील मतदान केंद्र है। साथ ही 227 वेब कास्टिंग वाले मतदान केंद्र है। टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर मतदान केंद्र और सहायक मतदान केंद्र मिलाकर कुल 2119 मतदान केंद्र हैं।

## पहली बार वोट डाल चहके युवा, सेंटर पर मिला सर्टिफिकेट

**गंगापुर सिटी।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में टोंक सवाई माधोपुर सीट पर सुबह सात बजे से ही वोटिंग का सिलसिला शुरू हो गया। इस साल कई नए मतदाता का नाम लिस्ट में शामिल किया गया। ऐसे में इन नए इन नए वोटर्स का मनोबल बढाने के लिए वोटिंग के बाद इन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कई नए वोटर्स ने वोट डाल अपनी खुशी जताई। वेयर हाऊस व पंचायत समिति गंगापुर सिटी मतदान केंद्र पर भी युवाओं में वोटिंग के प्रति उत्साह दिखा। इस केंद्र पर पहली बार मतदान करने वाली छात्रा को नगर परिषद गंगापुर की आयुक्त रिंकल गुप्ता ने जागरूकता प्रमाण पत्र दिया। पहली बार वोट डालने की खुशी इन मतदाताओं के चेहरे से झलक रही थी। आज के युवा को पता है कि उनका एक वोट देश की तरक्की के लिए कितना महत्वपूर्ण है. ऐसे में अपनी जिम्मेदारी निभाकर हुई खुशी इनके चेहरे से झलक रही थी। सभी केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए थे। वेयर हाऊस में पहली बार मतदान करने पहुंची आकांक्षा अग्रवाल ने कहा कि आज पहली बार मुझे देश की सरकार को चुनने मौका मिला जो कि मेरे लिए एक अस्मरणीय पल है। इसके साथ ही आज वोटिंग करते हुए मुझे जिम्मेदारी का अहसास भी हो रहा है।




## कार्यों की समीक्षा की

**कोटा, (निसं)।** भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, अनुसंधान केन्द्र, कोटा के विगत पांच वर्षो में किये गये अनुसंधान प्रशिक्षण एवं प्रसार कार्यों की समीक्षा भारत सरकार द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय छह सदस्यीय क्यू.आर.टी. समिति ने दिनांक 24-26 अप्रैल, 2024 के दौरान की।

इस अवसर पर पंच वर्षीय समीक्षा समिति के अध्यक्ष भूतपूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी राष्ट्रीय वर्षा सिंचित क्षेत्र प्राधिकरण भारत सरकार, डॉ.जे.एस. सामरा ने विगत पांच वर्षो के दौरान केन्द्र पर किये गये अनुसंधान, प्रशिक्षण तथा प्रसार कार्यो की सराहना करते हुए भविष्य की चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन, आर्टीफिशियल इटेलीजेसं, मशीन लर्निग इत्यादि को अपने अनुसंधान में जोड़ने पर जोर दिया।

## बैठक में 14 प्रार्थना पत्रों का किया निस्तारण

**करौली ( नि.स. )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली के तत्वावधान में राजस्थान पीडित प्रतिकर स्कीम-2011 के अन्तर्गत लंबित प्रार्थना पत्रों एवं विधिक सहायता के आवेदन पत्रों के निस्तारण हेतु सुश्री माधवी दिनकर,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पीडित प्रतिकर के कुल 14 प्रकरण विचारार्थ रखे गये जिन पर समिति के सभी सदस्यों द्वारा विचार विमर्श कर सभी 14 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। जिनमें 3 प्रार्थना पत्रों को स्वीकार किया जाकर समिति द्वारा पीडितों के लिए कुल 3 लाख रूपये का प्रतिकर स्वीकृत किया गया। साथ ही उक्त बैठक में नि:शुल्क विधिक सहायता के लिए प्रस्तुत 2 प्रार्थना पत्र विचारार्थ रखे गये। समिति द्वारा प्रार्थना पत्रों को स्वीकार कर पैनल अधिवक्ता नियुक्त करने की कार्यवाही की गयी एवं 2 प्रकरण जिनमें पूर्व में नि:शुल्क विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्त किया गया जिनका निस्तारण हो चुका है को भी विचारार्थ रखा गया जिनमें समिति द्वारा पैनल अधिवक्ताओं को द्वितीय किश्त दिये जाने का अनुमोदन किया गया। उक्त बैठक में प्रहलाद राय शर्मा, न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय करौली, बीना गुप्ता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली, निखिल सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट करौली, नीलाभ सक्सेना जिला कलेक्टर करौली आदि उपस्थित रहे।

## अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग

**करौली ( नि.स. )।** करौली जिला मुख्यालय स्थित नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 38 के लोगों ने वार्ड में एक दबंग व्यक्ति द्वारा रियासत कालीन परकोटा तक अवैध रूप से कब्जा कर आम रास्ता बंदकर कॉलोनी वासियों के सामने रास्ते से निकलने के लिए समस्या खड़ी कर दी है। जिसकी कॉलोनी वासियों ने पूर्व में नगर परिषद और जिला प्रशासन के अधिकारियों को शिकायतें करते हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई थी।

लेकिन ना तो नगर परिषद प्रशासन ने नाही जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आज तक अतिक्रमण हटाने की सुध नहीं ली कॉलोनी वासियों बंटी सिंह, राधेश्याम, रितेश,आबिद अली,वशिष्ठ अली आदि ने मुख्य सचिव राजस्थान सरकार जयपुर को पत्र भेजते हुए नगर परिषद प्रशासन और अतिक्रमणी पर साठ गाठ का आरोप लगाते हुए बताया कि कॉलोनी के एक दबंग व्यक्ति ने रियासत कालीन परकोटे कि सीढीओ पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर आम रास्ते को अवरुद्ध कर रखा है। शिकायती पत्र में उन्होंने खुलासा करते हुए बताया है कि यदि 15 दिन के अंदर आम रास्ते से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और नगर परिषद प्रशासन द्वारा उक्त व्यक्ति के लिए दिए गए पट्टे की जांच नहीं कराई गई तो घरों को छोड़कर पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा जिसकी नगर परिषद प्रशासन और जिला प्रशासन की जिम्मेदारी होगी।

## कलेक्टर बी.टी. ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

■ व्यवस्थाओं का लिया जायजा, पीएमओ को दिए आवश्यक निर्देश



जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने शुक्रवार को जिला अस्पताल धौलपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**धौलपुर।** जिला कलेक्टरश्रीनिधि बी टी ने शुक्रवार को जिला अस्पताल धौलपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को रोगियों के हित में बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में गुटखा खाकर थूकने वालो पर सख्ती करें। अस्पताल परिसर में केवल गंभीर मरीजों को लाने वाले वाहनों को ही अंदर आने दें, जिससे मरीजों को सहूलियत मिल सके और अस्पताल परिसर में अवैध वाहनों का जमावड़ा रोका जा सके।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने रजिस्ट्रेशन कक्ष, चिकित्सक कक्ष, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष, लेबर रूम, जनरल वार्ड सहित अस्पताल के अन्य कक्षों का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान समस्त चिकित्सक तथा नर्सिंग स्टाफ मौजूद मिला, जिस पर जिला कलक्टर ने संतोष जताया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजों के लिए पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रखें। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना हमारा दायित्व है। लेकिन कई बार मरीजों के साथ आने वाले परिजन बिना वजह नर्सिंग स्टाफ से मारपीट कर देते हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाएं।

उन्होंने जिला अस्पताल के फीमेल वार्ड के बाहरी व्यक्ति द्वारा इलाज की छपी खबर की भी जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि खबर निराधार थी। संबंधित वार्ड बॉय अस्पताल में ही कार्यरत था जो कि नर्सिंग स्टाफ की मदद के लिए केवल आवश्यक दवा ले जा रहा था। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने मरीजों से बात करते हुए अस्पताल की साफ-सफाई व डॉक्टरों व अन्य कर्मियों की सेवाओं के संबंध में फीडबैक लेते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजय सिंह को आवश्यक निर्देश दिए।

## एक साथ तीन पीढ़ियों ने किया मतदान

**गंगापुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के महापर्व पर गंगापुर विधानसभा के बूथ ऋमांक 97 ग्राम ब्रह्मवाद में श्रीमती चंदन गुर्जर की तीन पीढियां ने एक साथ मतदान किया।

जिसमें स्वयं चंदन देवी आयु ८० वर्ष, उनका पुत्र समय सिंह गुर्जर, मुकेश गुर्जर, पुत्रवधू श्रीमती द्रोपती, श्रीमती ऋषि देवी एवं नाती नातिन अजीत गुर्जर एवं अलका गुर्जर ने मतदान किया। आरएसएस विभाग कार्यवाह समय सिंह गुर्जर ने बताया कि मतदान भी एक राष्ट ीय महापर्व है, जो हर 5 वर्ष बाद आता है, सभी को अपने मत का उपयोग निश्चित रूप से करना चाहिए एवं जाति, क्षेत्र आदि से ऊपर उठकर देश का हित देखते हुए मतदान करना चाहिए। सामाजिक व व्यापारिक संगठनो की पहल ने बढाया मतदान का प्रतिशत

लोकसभा चुनाव २०24 के महापर्व में गंगापुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जिला प्रशासन की पहल पर मतदान केन्द्रो पर अल्पाहार व पेय पदार्थ वितरण के कारण मतदाताओ की भीड देखी गई। भाग संख्या 147 पर लायन्स क्लब के द्वारा मतदान के बाद मतदाताओ को टिकिया खिलाई गई।

वहीं नई मण्डी के बूथ पर सभी व्यापार मण्डल के द्वारा ठण्डाई का वितरण किया गया। वहीं कई बूथो पर अल्पाहार व पेय पदार्थो का वितरण किया गया।

## 25 हजार रुपये का ईनामी बदमाश गिरफ्तार



करौली कोतवाली पुलिस ने ईनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया।

**करौली ( नि.स. )।** करौली कोतवाली पुलिस ने अपहरण और गैंग रेप के मामले में सालों से फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को कास्टेबल राजा सिंह,सतेन्द्र ने गिरफ्तार कर लिया है।
जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। करौली थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक बृजेष ज्योति उपाध्याय के निर्देषानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल व पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम के सुपरवीजन मे इनामी बदमाषो कि धरपकड के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने ईनामी बदमाष को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होने बताया कि आरोपी मुकेश मीना पुत्र किशनलाल मीना,निवासी अंतापाडा थाना लक्ष्मणगढ़,जिला अलवर को फैलीपुरा से देदरोली को जाने वाले रास्ते से दस्तयाब कर जांच के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी थाना कोतवाली करौली का इनामी बदमाश है। आरोपी के ऊपर पुलिस अधीक्षक करौली द्वारा 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया हुआ है।उन्होंने बताया कि गत 8 जुलाई 2024 को थाना क्षेत्र की एक युवती ने थाना कोतवाली करौली में स्वयं के साथ आरोपी द्वारा अपहरण कर गैंग रेप करने का मुक दमा दर्ज कराया था। मामले में आरोपी मुकेश मीना 18 साल से फरार चल रहा था।